

# नटेरन में शॉर्ट सर्किट से लगी फसल में आग

**खास बातें**

- आक्रोशित किसानों ने किया चक्काजाम
- दमकल बुलाने पर मांगा गया फोटो-वीडियो, प्रशासनिक लापरवाही से भड़का गुस्सा



नवभारत न्यूज

**नटेरन/घटबाई 27 मार्च, एक तरफ प्राकृतिक आपदा और दूसरी ओर सिस्टम की लापरवाही ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं. नटेरन तहसील के घटबाई क्षेत्र में 33 केवी लाइन के टूटे इंसुलेटर से निकली चिंगारी ने खड़ी फसलों में भीषण आग लगा दी. देखते ही देखते आग ने कई किसानों की 10-10 बीघा फसल को अपनी चपेट में ले लिया और सालभर की मेहनत कुछ ही मिनटों में जलकर राख हो गई.**

आग लगने के बाद जब किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, तो उन्हें तत्काल सहायता मिलने के बजाय हैरान कर देने वाला जवाब मिला. दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि पहले फोटो या वीडियो भेजकर यह साबित करें कि आग फसल में लगी है या नरवाई में, तभी गाड़ी भेजी जाएगी. इस देरी के चलते आग और भड़क गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया. मजबूर किसानों को खुद ही आग बुझाने के प्रयास करने पड़े.

घटना से नाराज किसानों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया. करीब ढाई घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा. मौके पर पहुंचे तहसीलदार आनंद जैन और टीआई मोहर सिंह मंडलिया ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित किसान कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे.

बाद में एसडीएम अजय प्रताप सिंह और विद्युत विभाग के एई मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी. अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों का गुस्सा शांत हुआ और चक्काजाम समाप्त किया गया. घटना के बाद किसानों ने प्रशासन और बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए. उनका कहना था कि वे लंबे समय से बिजली लाइनों के रखरखाव की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता. हर साल आगजनी की घटनाएं होती हैं, फिर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते. किसानों ने यह भी सवाल उठाया कि करोड़ों की फसल दांव पर होने के बावजूद नटेरन में स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था क्यों नहीं है.

### एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने आश्वासन दिया कि फसल नुकसान का सर्वे कर किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा और बीमा क्लेम दिलाया जाएगा. साथ ही लापरवाही बरतने वाले लाइनमैन को निलंबित करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए गए हैं. इसके अलावा क्षेत्र की जर्जर बिजली लाइनों के शीघ्र मेंटेनेंस और नटेरन में स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के लिए प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजने की बात भी कही गई.

### पठारी में फसल और नरवाई में लगी आग, लगभग 30 बीघा फसल जलकर खाक



- भीषण आग से किसानों को भारी नुकसान, तीन घंटे बाद पाया गया काबू

पठारी तहसील के ग्राम सफली में शुक्रवार को अचानक भीषण आग लगने से करीब 30 बीघा में खड़ी फसल और नरवाई (पराली) जलकर राख हो गई. आग इतनी तेज थी कि आसपास के खेतों में भी फैल गई. इस घटना में चार किसानों—माधो सिंह, महाराज सिंह, राम सिंह और दुलीचंद की फसल एवं नरवाई को भारी नुकसान पहुंचा. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कुरवाई और बीना से दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अभिषेक पांडे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है. तहसीलदार ने बताया कि नरवाई में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही जिन किसानों की फसल का नुकसान हुआ है, उन्हें शासन की ओर से उचित मुआवजा दिलाया जाएगा.

# दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 27 मार्च, सिरोंज-आरोन मार्ग पर पामाखेड़ी तिराहे पर शुक्रवार को सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. बाद में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज-आरोन मार्ग पर पामाखेड़ी तिराहे पर शुक्रवार की सुबह एक बाईक सवार को एक बड़े वाहन ने टक्कर मार दी. इस दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. युवक की पहचान करीब 35 वर्षीय संतराम प्रजापति के रूप में हुई है. युवक के हिनोतिया थाना दीपनाखेड़ा तथा हाल निवासी ग्राम भौरिया के होने की जानकारी मिली है. मृतक के शव का स्थानीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है. पुलिस साक्ष्यों के आधार पर वाहन की तलाश कर रही है.

### डेंजर जोन बनता जा रहा है सड़क का यह हिस्सा

सिरोंज-आरोन मार्ग पर सड़क का यह हिस्सा डेंजर जोन बनता जा रहा है. सड़क के इस हिस्से में पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी हैं. जनपद सदस्य प्रतिनिधि अतीक मंसूरी ने प्रशासन से सड़क के हिस्से में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की. उन्होंने कहा कि प्रशासन को सिरोंज-आरोन मार्ग पर पामाखेड़ी तिराहे पर सड़क के इस हिस्से में पर्याप्त स्पीड ब्रेकर, संकेतक सहित अन्य सुरक्षा के इंतजाम शीघ्र करना चाहिए. जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके. उन्होंने मृतक के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने एवं दोषी वाहन चालक पर कार्यवाही कर तत्काल उसको गिरफ्तार करने की भी मांग की.

# पुलिस लाइन रोड के निर्माण का भूमि पूजन, वर्षों पुरानी मांग पूरी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर के पुलिस लाइन क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण की दिशा में आज अहम कदम उठाया गया. पुलिस कंट्रोल रूम से शांतिनिकेतन स्कूल तक जाने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह सड़क पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी बेहद जरूरी मार्ग है. जानकारी के अनुसार, यह सड़क काफी समय से खराब हालत में थी, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. खासतौर पर बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती थी. स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों द्वारा कई बार इस सड़क के निर्माण की मांग उठाई गई थी. बीच-बीच में प्रशासन द्वारा अस्थायी रूप से चूरी डालकर रास्ता सुधारने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका.

### श्री शीतलनाथ शाखा विदिशा का होली मिलन व वार्षिक बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद श्री शीतलनाथ शाखा विदिशा द्वारा होली मिलन समारोह एवं वार्षिक बैठक का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता देखने को मिली. प्रवक्ता सुप्रिया जैन के अनुसार समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके पश्चात संगीतमय भक्ताम्बर जी का पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया. पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का संगम देखने को मिला. इस अवसर पर श्रीमती नीलमणि जैन प्रांतीय प्रभारी, श्रीमती रानू जैन लश्करी अध्यक्ष, श्रीमती रेशू जैन दरबार सचिव और श्रीमती सपना जैन कोषाध्यक्ष सहित समस्त महिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की.

# रामनवमी पर सूर्य किरणों से हुआ भगवान राम का अभिषेक

- विदिशा किले के 300 साल पुराने मंदिर में निभाई गई अनोखी परंपरा, दोपहर 12 बजे आईने से मूर्ति पर डाली गई सूर्य की रोशनी



नवभारत न्यूज

**विदिशा, रामनवमी के पावन अवसर पर विदिशा के किले के अंदर स्थित प्राचीन भगवान राम मंदिर में आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला. करीब 300 साल पुराने इस मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए. दोपहर ठीक 12 बजे, भगवान राम के जन्म के समय मंदिर परिसर में भक्तों का उत्साह चरम पर था.**

जन्मोत्सव के साथ ही एक विशेष परंपरा का निर्वहन किया गया, जिसमें सूर्य की किरणों से भगवान का अभिषेक किया गया. महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा संचालित इस प्राचीन मंदिर में रामनवमी पर हर साल भव्य आयोजन होते हैं. जैसे ही घड़ी में 12 बजे, मंदिर में भगवान राम के जन्म का उत्सव मनाया गया. इसके तुरंत बाद समाज के लोगों और मंदिर के पुजारियों ने मिलकर एक अनोखी परंपरा निभाई. इस परंपरा के तहत कांच (आईना) के माध्यम से सूर्य की रोशनी को भगवान राम की प्रतिमा पर डाला गया. मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु इस दिव्य दृश्य के साक्षी बने और पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बन गया. सूर्य की किरणों से उनका अभिषेक करना विशेष महत्व रखता है. इसे सूर्य स्नान कहा जाता है, जो वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है. इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सभी ने भगवान राम के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की.

# पुलिस लाइन की बहुप्रतीक्षित सड़क का भूमि पूजन, 31 .88 लाख से बनेगी सीसी रोड

### विकास कार्यों को मिली रफ्तार, मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक व टीन शेड का भी शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा. वार्ड क्रमांक 26 के पुलिस लाइन क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ. विकास कार्यों को गति देते हुए यह भूमि पूजन विधायक मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा द्वारा विधिवत रूप से किया गया.**

इस अवसर पर लगभग 27 लाख रुपये से अधिक की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. साथ ही राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में 1.10 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक एवं टीन शेड निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया. पुलिस कंट्रोल रूम से बीटी रोड तक बनने वाली इस सीसी रोड पर कुल 31.88 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे. सड़क की लंबाई 350 मीटर एवं चौड़ाई 5 मीटर निर्धारित की गई है. निर्माण कार्य मेसर्स पर्व कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जाएगा. इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा, स्वच्छ वातावरण और आधुनिक आधारभूत ढांचे का लाभ मिलेगा.

कार्यक्रम के दौरान पुलिस लाइन क्षेत्र एवं हेडक्वार्टर में निवासरत पुलिस परिवारों और आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याएं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं. प्रमुख मांगों में नाला निर्माण एवं चौड़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करना, जेल रोड से आने वाले पानी की उचित निकासी, पुलिस सामुदायिक भवन से कैंटीन तक नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं सुधार, तथा पुलिस ग्राउंड में हाई मास्क लाइट लगाने की मांग शामिल रही. जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि इन सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा. साथ ही विधायक मुकेश टंडन ने बच्चों के लिए लाइब्रेरी हेतु अनुदान राशि देने की घोषणा भी की. भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंकज पांडे, संतोष शर्मा, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, बेत्रवती मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, पार्षद लीलाधर लोधी, चंद्रपाल दांगी, शैलेन्द्र सरवैया, रामप्रसाद पासी सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह चौहान द्वारा किया गया, जबकि आभार पार्षद रामप्रसाद पासी ने व्यक्त किया. आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे.



# राजयोग से बना महान व्यक्तित्व, दादी जानकी जी को श्रद्धांजलि

- वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया पुण्य स्मृति दिवस

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चर्च वाली गली, बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र पर ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी का पुण्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया.**

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि दादी जानकी जी ने राजयोग के अभ्यास से स्वयं को इतना परिपक्व, शक्तिशाली, महान और आदर्शवान बनाया कि उनका एक-एक वाक्य महावाक्य बन गया. उन्होंने बताया कि दादी जी मात्र चौथी कक्षा तक शिक्षित थीं, लेकिन आध्यात्मिक साधना के बल पर 46 हजार बहनों की अलौकिक मां बनीं और उनका मार्गदर्शन किया. उन्होंने बताया कि दादी जानकी जी 103 वर्ष की आयु में भी प्रतिदिन लगभग 12 घंटे विश्व सेवा में सक्रिय रहती थीं और ब्रह्ममुहूर्त में सुबह 4 बजे से ही ध्यान में लीन हो जाती थीं. उनके नाम 'विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला' का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है, जो उनकी अद्भुत मानसिक शक्ति और योग साधना का प्रमाण है. कार्यक्रम में बताया गया कि 140 देशों में फैले इस आध्यात्मिक संगठन के माध्यम से दादी जानकी जी ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया. उनका जीवन योग, अनुशासन और सेवा का अद्भुत उदाहरण रहा है. उनके संपर्क में आने वाले लोग आज भी उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जीवन को बेहतर दिशा दे रहे हैं. ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए बताया कि दादी जानकी जी का जन्म वर्ष 1916 में अविभाजित भारत के हैदराबाद सिंध (अब पाकिस्तान) में हुआ था. बचपन से ही उनमें भक्ति और सेवा के संस्कार थे. समाज में व्याप्त दुख, तकलीफ, जातिवाद और भेदभाव को देखकर उन्होंने कम आयु में ही समाज परिवर्तन का संकल्प लिया. उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक ब्रह्मा बाबा के तपस्वी जीवन से प्रेरित होकर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया.

# अटारी खेजड़ा के पास ट्रक-बाइक की भिड़ंत, एक गंभीर घायल भोपाल रेफर

### पूजा का सामान लेने जा रहे दो युवक हादसे का शिकार, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

**विदिशा** , नेशनल हाईवे पर अटारी खेजड़ा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। बिलराई से विदिशा की ओर आ रहे बाइक सवारों की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार दो युवक बिलराई से पूजा का सामान लेने विदिशा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान अटारी खेजड़ा के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को जिला अस्पताल विदिशा पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया. डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से एक की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल स्थित एम्स रेफर किया गया है, जबकि दूसरे का इलाज जारी है. वहीं, दुर्घटना के बाद ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर नजदीकी थाने में खड़ा करवा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है.

# फर्जी प्लॉट रजिस्ट्री गिरोह का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### गवाहों की भूमिका भी संदिग्ध, अन्य आरोपियों की तलाश तेज



नवभारत न्यूज

**विदिशा**, शहर में फर्जी तरीके से प्लॉट की रजिस्ट्री कराने के मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस द्वारा की गई विस्तृत जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला शहर के चार नंबर प्लेटफॉर्म स्टेशन के पास स्थित एक प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री से जुड़ा हुआ है. आरोपी ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट की रजिस्ट्री कराई थी, जिससे वास्तविक मालिक को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई. जांच के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिवाजी चौक निवासी तपन तिवारी को गिरफ्तार किया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त हो सकता है और उससे पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है. मामले में एक अहम पहलू यह भी सामने आया है कि रजिस्ट्री के दौरान जो लोग गवाह बने थे, उनकी भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है.

### अन्य आरोपियों की तलाश भी हुई तेज

पुलिस ने साफ किया है कि जांच के दायरे में आए इन व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें आरोपी बनाया जाएगा. इस पूरे प्रकरण की शुरुआत फरियादी भावना मिश्रा द्वारा सिविल लाइन थाने में की गई शिकायत से हुई थी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें धीरे-धीरे फर्जीवाड़े का पूरा नेटवर्क सामने आने लगा. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसका जुलूस भी निकाला, जिससे इस तरह के अपराधों में लिप्त अन्य लोगों को चेतावनी दी जा सके. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है. बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर की गई है. अधिकारियों का कहना है कि शहर में जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. फिलहाल पुलिस इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं. साथ ही, इस गिरोह के जरिए किए गए अन्य संभावित फर्जी रजिस्ट्री मामलों की भी जांच की जा रही है, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके.

**शुभारंभ** जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों की मौजूदगी में सुरक्षा और सुविधाओं को मिला बढ़ावा

# रामनवमी पर पुलिस चौकी का लोकार्पण, व्यापार महासंघ भवन के लिए लाखों की घोषणाएं



नवभारत न्यूज

**विदिशा, रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में नई पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई. कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, जनप्रतिनिधि राकेश शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, डिप्टी कलेक्टर सहित पुलिस प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही.**

लोकार्पण समारोह में शहर के वरिष्ठ व्यापारी, समाजसेवी और सर्राफा परिवार के सैकड़ों सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नई पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई गई. इसके साथ ही आमजन और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठंडे पानी के लिए वाटर फिल्टर भी स्थापित किया गया है. कार्यक्रम के दौरान सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री राजेश सोनी खुबाल ने एक नए बड़े व्यापार महासंघ भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा. इस पर सभी जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने सहयोग का आश्वासन दिया. विधायक निधि से 10 लाख रुपये, व्यापार महासंघ अध्यक्ष द्वारा 5 लाख रुपये, राकेश शर्मा द्वारा 1 लाख रुपये तथा राजेश खुबाल द्वारा 1 लाख 51 हजार रुपये की घोषणा की गई. इस अवसर पर अध्यक्ष संजय चौधरी, घनश्याम बंसल, राजेश सर्राफ, राजकुमार सोनी, संजीव भंडारी, राजीव जैन, वैभव सर्राफ, निरूपम परमार, पवन सोनी, अनुराग गोयल, रूपेश गर्ग, हीरालाल रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# ओबीसी एकता परिषद विदिशा के नवीन कार्यालय का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** ओबीसी एकता परिषद द्वारा समाज के उत्थान और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को नवीन कार्यालय का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार और फीता काटकर विधिवत रूप से संपन्न हुआ, जिसमें परिषद के वरिष्ठ संरक्षक और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक जगदीश यादव, यशबीर सिंह, जिला अध्यक्ष फौजी रविंद्र यादव और दिलीप जाट द्वारा किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक संतोष ताम्रकार ने की. इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती और समाज के व्यापक हितों पर विशेष जोर दिया.